दिनांकः 24.09.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आज प्रदेश के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे।
- 'विकसित भारत–जन सेवा अभियान' से अब तक प्रदेशभर के एक करोड़ 37 लाख से अधिक लोग जुड़े।
- प्रदेश में ग्राम पंचायतों के सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए आज आरक्षण की लॉटरी निकाली जाएगी।
- सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंक तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार 27 सितंबर को खुले रहेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आज प्रदेश के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे। बीकानेर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में करीब 500 लाभार्थी शामिल होंगे। टू–वे संवाद प्रणाली के जरिए लाभार्थियों को प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम में मौजूद रहेगें। कार्यक्रम में वडनगर से वाराणसी जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा में शामिल लोग इस कार्यक्रम जुड़ेगें। ये यात्रा कल बीकानेर पहुंची थी। उधर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का कल जयपुर दौरा प्रस्तावित है। प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि वे सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता सेवा कार्यक्रम में शामिल होंगे। ये कार्यक्रम अलबर्ट हॉल पर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद श्री नबीन बगरू के दादिया गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगें। वे दादिया से ही पंचायत चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे और 90 प्रचार रथों को रवाना करेंगे। इसके बाद उनका जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में युवाओं से संवाद का कार्यक्रम है।

000

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कल जयपुर के धानक्या स्थित राष्ट्रीय स्मारक परिसर में तीन दिवसीय दीनदयाल मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने परिसर में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। डॉ. बैरवा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनके विचार राष्ट्रहित के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे।

000

'विकसित भारत—जन सेवा अभियान' में अब तक प्रदेशभर में एक करोड़ 37 लाख से अधिक लोग भाग ले चुके हैं। यह जानकारी मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जयपुर में अभियान की समीक्षा बैठक में दी। उन्होंने अधिकारियों को पात्र और वंचित लाभार्थियों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण सेवा शिविरों में लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने और प्राप्त आवेदनों का तुरन्त निस्तारण करने को कहा। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत प्रदेशभर में 12 प्रमुख गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मुख्य सचिव ने अभियान की नियमित निगरानी और विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया। सभी संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

000

देश में छोटे कारोबारियों को आर्थिक संबल देकर आत्मनिर्भरता की राह आसान बनाने वाली महत्वपूर्ण पहल है—प्रधानमंत्री मुद्रा योजना। आईये जानते हैं इसके बारे में।

000

प्रदेश में पंचायती राज चुनावों के लिए आज सरपंच और वार्ड पंच पदों के आरक्षण की लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी संबंधित उपखंड अधिकारी मुख्यालयों पर होगी। इसके बाद ग्राम पंचायतों में सरपंच और वार्ड पंच पदों के आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के अनुसार, आरक्षण की प्रक्रिया में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार पदों का आवंटन किया जाएगा। इससे पहले कल जिला परिषद सदस्य, प्रधान और पंचायत समिति सदस्यों के पदों के आरक्षण की लॉटरी निकाली गई।

000

'विकसित भारत—जी राम जी योजना' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए विभिन्न विभागों के बीच तालमेल बढ़ाया जाएगा। यह जानकारी जयपुर में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दी गई। विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में हुई । बैठक में ग्रामीण आजीविका, बुनियादी ढांचे और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। योजना के तहत अमृत पोषण वाटिका और अमृत ग्रामीण हाट बाजार विकसित किए जा रहे हैं।
इनके जरिए विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों को फल और सब्जियों की आपूर्ति तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने पर काम किया जा रहा है।

000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत उदयपुर के राणा प्रताप नगर रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ नागरिकों का जत्था कामाख्या देवी की यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा को लेकर तीर्थ यात्रियों में उत्साह देखा गया। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त जतिन कुमार गांधी ने बताया कि यात्रा के लिए वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

000

जोधपुर में एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में केमिकल से भरे ड्रम में धमाका होने से 14 फायरकर्मी झुलस गए। इनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों के लिए एम्स अस्पताल में अलग आईसीयू की व्यवस्था की गई है। जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची थी। आग बुझाने के दौरान फायरकर्मी झुलस गए।

इधर जयपुर के कूकस क्षेत्र में कल 90 फीट गहरे सूखे कुएं में फंसे चार लोगों को सिविल डिफेंस की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। नागरिक सुरक्षा विभाग के उप नियंत्रक अमित शर्मा ने बताया कि कुएं में एक पुरुष और एक महिला गिर गए थे। उन्हें बचाने के लिए उतरे दो अन्य लोग भी कुएं में फंस गए। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से बचाव कार्य शुरू किया।

000

सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार 27 सितंबर को खुले रहेंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की ओर से इस महीने की 28 से 30 तारीख तक बुलाई गई तीन दिन की देशव्यापी बैंक हड़ताल को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने रविवार को सभी बैंक शाखाओं, कार्यालयों, ए.टी.एम–लिंक शाखाओं और करेंसी चेस्ट को पूरी तरह से चालू रखने की मंजूरी दी है। आवश्यक बैंकिंग सेवाएँ बिना किसी रुकावट के जारी रखने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं। सरकार और बैंक प्रबंधन ने यूनियनों से प्रस्तावित हड़ताल नहीं करने की अपील की है।

000